A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT VILL-GHURAMAU, TEH. HASANGANJ OF DISTT. UNNAO ON 12TH JAN 2024

भावना के निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित पंचम् शीतकालीन सहायता शिविर की प्रगति रिपोर्ट।

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,दिनाँक 12-01-2024 (शुक्रवार) को जनपद उन्नाव, तहसील हसनगंज के ग्राम घूरामऊ स्थित देविनी माता मंदिर के प्रांगण में,निर्धन व असहाय जनों की सेवार्थ पंचम् शीतकालीन सहायता शिविर आयोजित किया गया जिसमे ग्राम घूरामऊ ,सुल्तानापुर चिलौला व ढकवा जगदीशपुर के निवासियों ने सहभाग किया।

इस अवसर पर भावना के निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए उन्हें राज्य सरकार व केंद्र सरकार की जन लाभकारी व जनोपयोगी योजनाओं को विस्तार सहित बताया तथा इनसे प्राप्त होने वाले लाभ से भी अवगत कराया।सभी का जनसेवा केंद्र पर जाकर राज्य सरकार का ई-श्रम कार्ड और भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु आव्हान किया।उन्हें बताया गया कि ई-श्रम कार्ड धारक को ६० वर्ष की आयु पर पेंशन का भी प्राविधान है।

हेल्पेज इंडिया से दान में प्राप्त कंबलों में से १०४ अदद नये ऊनी कंबल,शिविर में उपस्थित पूर्व चयनित निर्धन व असहाय वरिष्ठ जन,विधवा तथा दिव्यांग जनों को,दिये गये तथा भावना सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने व उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में भावना निर्धन जन सेवा के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया, श्री जगमोहन लाल जायसवाल,महासचिव (कार्यान्वयन) भावना,सदस्य भावना श्री सुनील कुमार उप्रेती,श्री तिलक कुमार मनोचा,श्री सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव,श्री चन्द्र शेखर आज़ाद,श्री राम स्वरूप यादव,प्रगतिशील कृषक श्री करुणा शंकर यादव,श्री सोहन लाल यादव व अन्य अनेक भद्र जन उपस्थित रहे।

--प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक ग्राम्यांचल व निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ,